तापमान

अधिकतम 27.0 डिग्री

न्यूनतम 14.0 डिग्री

हरिभूमि

# रत्न भूमि

रायपुर, मंगलवार 2 दिसंबर 2025



11 कीटनाशकों के अंधाधुंध उपयोग से दुबराज व जीराफुल धान...





12 किसानों का आज भी धान बेचने के लिए एग्रीस्टेक...






## खबर संक्षेप



### बस स्टैंड का हाईमास्ट लाइट एक माह से बंद

**मैनपुर।** तहसील मुख्यालय मैनपुर में रात के अंधेरा दूर करने के लिए चार स्थनों पर हाईमास्क लाईट लाखों रूपये खर्च कर लगाया गया है लेकिन बस स्टैण्ड मैनपुर स्थित हाईमास्क लाईट पिछले एक माह से बंद पड़ा हुआ है और तो और इसे सुधार कराने के लिए निकालकर ले गए हैं लेकिन अब तक सुधार नहीं कराया गया है, जिसके कारण शाम होते ही मैनपुर नगर के बस स्टैण्ड अंधेरे के आगोस में समा जाता है।

### मंत्री गजेंद्र व विधायक साहू आज कौंदकेरा में

**राजिम।** ग्राम कौंदकेरा में आयोजित भारत स्काउट्स एवं गाइड्स छत्तीसगढ़ जिला गरियाबंद द्वारा षष्टम जिलास्तरीय स्काउट्स एवं गाइट्स प्रशिक्षण शिविर / रैली के आयोजन में मुख्य अतिथि के रूप में राज्य के स्कूल शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव पहुंच रहे है। कार्यक्रम की अध्यक्षता राजिम विधायक रोहित साहू करेंगे। यह जानकारी देते हुए शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला विकास एवं प्रबंधन समिति के अध्यक्ष ओंकार साहू ने बताया कि यह आयोजन 30 नवंबर से 4 दिसंबर तक शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कौंदकेरा में हो रहा है। आज 2 दिसंबर मंगलवार के कार्यक्रम में अतिथि शाम 4 बजे पहुंचेंगे। विशिष्ट अतिथि के रूप में राज्य मुख्य आयुक्त इंदरजीत सिंह खालसा, पूर्व विधायक संतोष उपाध्याय, भूमि विकास बैंक के पूर्व अध्यक्ष ओमप्रकाश चौधरी, जिला पंचायत के सभापति नंदनी-ओंकार साहू, जनपद अध्यक्ष इंद्राणी-नेहरू साहू एवं सरपंच ग्राम पंचायत कौंदकेरा राधिका-मनोज यादव मौजूद रहेंगे।





# हल्की बारिश से किसानों की चिंता बढ़ी, खरीदी केंद्रों पर धान की सुरक्षा चुनौती

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मैनपुर

मैनपुर क्षेत्र में बीते रात से मौसम का मिजाज अचानक बदल गया है। सोमवार को सुबह से बदली छाया रहा और ठंडी हवा से लोग परेशान होते रहे। सुबह 05 बजे और दोपहर 02 बजे के आसपास मैनपुर नगर सहित क्षेत्र में हल्की बारिश भी हुई हल्की बारिश से किसानों की चिंता बढ़ गई है और आसमान में काले बादल छा रहे है किसानों की परेशानी बढ़ गई है। इन दिनों धान कटाई और मिजाई का कार्य तेज गति से चल रहा है किसान खेतों में पूरी तरह व्यस्त हो गए है ऐसे में मौसम की खराबी और बदली से किसानों की चिंता बढ़ गई है अचानक बारिश हो जाने से किसानों को भारी नुकसान होने की संभावना है। वहीं क्षेत्र के धान खरीदी केन्द्रो में भी धान की सुरक्षा को लेकर काफी परेशान नजर आ रहे है धान के बोरो को सुबह से खरीदी केन्द्रों में पॉलिथीन से ढकते नजर आए। सोमवार को सुबह से मौसम का मिजाज बदलने और ठंडी हवा के चलते कई स्कूलो में बच्चों अलाव जलाकर आग तापते नजर आए वही नगर व क्षेत्र के अनेक गांव में दिनभर लोग अलाव तापते दिख रहे है साथ ही दिनभर गर्म कपड़ा लदे भी दिखे। लोग घरों से निकलने से पहले गर्म कपडे पहनकर और कान–नाक को पुरी तरह ढांककर निकल रहे है।



## दिनभर ठंडी हवा और रात में उमस, सेहत पर पड़ रहा विपरीत असर



### लोग सर्दी, खांसी व बुखार के चपेट में

मौसम मे उतार चढ़ाव के चलते मौसमी बिमारियों का प्रकोप तेजी से बढ़ रहा है और लोग इन मौसमी बिमारियों के चपेट मे आने लगे है, मैनपुर क्षेत्र में मौसम का मिजाज बिगड गया है। सुबह से बदली से जन जीवन अस्त व्यस्त हो गया है और ठंड एकाएक बढ गया है जिसके चलते लोगों के सेहत पर विपरित असर देखने को मिल रहा है। शासकीय सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र सहित निजी अस्पतालों मेडीकल स्टोरों मे भीड़ देखी जा रही है, अधिकांश लोग खासकर छोटे बच्चे और उम्र दराज लोग सर्दी, खांसी, बुखार के चपेट मे आ रहे है। कई लोगों को उल्टी दस्त के साथ बुखार और टाईफाइड के मरीजों की संख्या बढ़ गई है। इन दिनों मच्छर और मक्खियों के पनपने से लोग मौसमी बिमारियों के चपेट मे आ रहे है। वहीं पेट खराब होने की भी शिकायत मिल रही है।

## हादसा : 6 महीने पहले ही हुई थी शादी, हादसे में पति गंभीर रूप से घायल

# कोपरा बस स्टैंड पर हादसा, नवविवाहिता महिला की मौके पर मौत, चालक गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गरियाबंद

कोपरा नगर के बस स्टैंड पर सोमवार शाम लगभग 5:30 बजे हुए एक भीषण सड़क हादसे में मोटरसाइकिल सवार महिला की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उसका पति गंभीर रूप से घायल हो गया। मृतका की पहचान पुष्पा साहू के रूप में हुई है, जिनकी शादी महज 6 महीने पहले ही हुई थी। हादसे के बाद कार चालक वाहन सहित घटनास्थल से फरार हो गया।

हालांकि, सूचना के आधार पर राजिम पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए राजिम बस स्टैंड के पास घेराबंदी कर आरोपी चालक को पकड़ लिया। आरोपी चालक महासमुंद जिले का निवासी बताया जा रहा है। थाना पाण्डुका प्रभारी कृष्ण कुमार जांगड़े ने बताया कि धमतरी जिले के ग्राम मेडक्का निवासी सुनील साहू और उनकी पत्नी पुष्पा साहू (मृतका) कुछ दिनों पहले पुष्पा के मायके ग्राम चंदना आए हुए थे। सोमवार शाम दोनों किसी कार्य से राजिम होते हुए पाण्डुका की ओर जा रहे थे। जैसे ही वे कोपरा बस स्टैंड पहुंचे, विपरीत दिशा से तेज रफ्तार में आ रही कार ने उनकी मोटरसाइकिल को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भयावह थी कि मोटरसाइकिल बुरी तरह चकनाचूर हो गई और महिला पुष्पा साहू की मौके पर ही मौत हो गई। उनके पति सुनील साहू को सिर, हाथ और पैरों में गंभीर चोटें आईं। उन्हें तुरंत राजिम सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया, जहां उनका इलाज जारी है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, टक्कर इतनी तेज थी कि आसपास खड़े कुछ लोगों को भी हल्की चोटें आई हैं।



### पुलिस जांच में जुटी

घटना की सूचना मिलते ही थाना प्रभारी पाण्डुका कृष्ण कुमार जांगड़े दल-बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और घायलों को उपचार के लिए राजिम रवाना किया। मृतका के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। राजिम पुलिस द्वारा दुर्घटना करने वाली कार और चालक को पकड़ने के बाद, पाण्डुका पुलिस ने मर्ग कायम कर शव मरच्यूरी में रखवा दिया है और पूरे मामले की विवेचना शुरू कर दी है। इस हादसे से परिवार के लोगों में कोहराम मचा हुआ है।

# पं. दीनदयाल उपाध्याय चौक बना 'डेथ ट्रैप'



हरिभूमि न्यूज ▶▶ नवापारा-राजिम

शहर के मुख्य मार्ग पंडित दीनदयाल उपाध्याय चौक में ऐसा दृश्य रोज देखने को मिलता है। इस चौक से गुजरते वक्त सभी को कितनी परेशानियों का सामना करना पड़ता होगा। खासतौर से उस वक्त जब स्कूली छात्राओं के छुट्टी का समय रहता है। मासूम बच्चियां कैसे सायकल चलाते हुए यहां से गुजरती है। चौक में सभी दिशाओं से गाड़ियों का न केवल दबाव बढ़ता है बल्कि अंबार लगा रहता है। इनमें से अधिकतर वाहन रफ्तार में चलती है। रोज किसी न किसी का दुर्घटना होता ही है। चौक के मोड़ को देखने के बावजूद लोग तेजी से स्टेयरिंग घुमाते है और टक्कर हो जाती है।

■ नेशनल हाईवे पर लापरवाही से बड़ा हादसा होने का खतरा

यह एक ऐसा संवेदनशील चौक है। जहां पहुंचते ही लोग भ्रमित हो जाते है। गरियाबंद की ओर से आने वाली गाड़ी इस चौक में या तो गंज रोड कुरूद-धमतरी के लिए मुड़ती है या फिर सीधे रायपुर की ओर। उस वक्त समझ में नहीं आता कि आगे जा रही गाड़ी किधर घुमेगी? ठीक यही हालत रायपुर की ओर से अथवा गंज मार्ग की ओर से आने वाली ▶▶शेष पेज 11 पर

# किसानों को राहत, एग्रीस्टेक पोर्टल पर छूटे खसरे लिंक करने का मौका

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रसेला



धान खरीदी के संबंध में किसानों के लिए एक महत्वपूर्ण प्रावधान शासन द्वारा एग्री स्टेक पोर्टल में किया गया है। जिसके तहत एग्रीस्टेक पोर्टल में पंजीकृत एक से अधिक खसरे वाले ऐसे किसान जिनके सभी खसरों में से कुछ खसरे पोर्टल में उनके एग्रीस्टेक आईडी में प्रदर्शित नहीं हो रहे हैं या लिंक होना शेष रह गए हैं, ऐसे खसरों की पहचान कर समितिवार सूची बनाई गई है, तथा उसे समितियों के बाहर चस्पा किया गया है। किसानों से आग्रह किया जाता है कि वे समितियों में जाकर अपने छूटे हुए खसरों का मिलान कर उसे पोर्टल में लिंक करवा सकते हैं। इसके लिए किसान समितियों के किसान सहायता केंद्र में सुबह 09 से 05 बजे तक समितियों में जाकर वहां के ऑपरेटर अथवा ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी से संपर्क कर सकते हैं। खाद्य अधिकारी गरियाबंद ने बताया कि खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 में धान खरीदी हेतु भारत सरकार, कृषि मंत्रालय के एग्रीस्टेक पोर्टल में किसान पंजीयन अनिवार्य किया गया है। एग्रीस्टेक पोर्टल में किसान को प्राप्त फार्मर आईडी के साथ उनके फॉर्म आईडी (खसरे) को लिंक किया जाना है। वर्तमान में एग्रीस्टेक पोर्टल में पंजीकृत कृषक के ऐसे खसरे जो यूनीफाइड फार्मर पोर्टल में पंजीकृत थे वो कैरी फारवर्ड हो गए है परंतु वो समस्त खसरे एग्रीस्टेक में फार्मर आईडी के साथ लिंक नही है, उनमें से कुछ खसरे लिंक होने रह गए हैं। इन समस्त छुटे हुए खसरों को एग्रीस्टेक पोर्टल में माध्यम से जोड़ा जाना है ताकि समिति स्तर पर ये सभी खसरे खरीदी हेतु उपलब्ध हो सके। क्षेत्र में पंजीकृत किसानों में हजारों ऐसे खसरे हैं जो किसानों के एग्री स्टेक आईडी में लिंक होने शेष हैं। इन्हें लिंक कराने की प्रक्रिया किसान स्वयं समिति में जाकर करवा सकते हैं। इसके लिए कोई समय सीमा निर्धारित है।

## गोस्वामी समाज की समीक्षा बैठक



**राजिम।** 4 दिसंबर को राजिम में आयोजित होने जा रहे भगवान श्री दत्तात्रेय प्राकट्य उत्सव की तैयारी की समीक्षा बैठक प्रांतीय संरक्षक द्वय उमेश भारती एवं अशोक गिरि, प्रांताध्यक्ष काशीपुरी कुंदन, कार्यक्रम संयोजक रामकुमार पुरी, प्रांतीय उपाध्यक्ष संजय पुरी, संगठन सचिव पोखराज बन, भूपेन्द्र पुरी, प्रांतीय प्रचार सचिव कामेश्वर पुरी की उपस्थिति में हुआ। इस अवसर पर आयोजन समिति के सदस्यों को कार्यों का विभाजन कर दायित्व सौंपे गए। भगवान श्री दत्तात्रेय की पूजा अर्चना, शोभायात्रा, मंच व्यवस्था, अतिथि स्वागत, भगवा ध्वज, बैनर-पोस्टर, फूल माला, सामूहिक भोज, पेयजल, विवाह योग्य युवक-युवती परिचय सम्मेलन, प्रतिभा सम्मान, सांस्कृतिक कार्यक्रम, गोस्वामी सामान्य ज्ञान क्विज आदि जिम्मेदारी दी गई। सम्पूर्ण कार्यक्रम में पर्यावरण संरक्षण को ध्यान में रखते हुए प्लास्टिक/डिस्पोजल का उपयोग नही करने का निर्णय लिया गया। इस अवसर पर आयोजन समिति के संजय पुरी, अखिलेश पुरी, रोहित गोस्वामी सहित जिले के पदाधिकारी उपस्थित थे।

## जिले में उमड़ा आस्था का सैलाब

# सात दिवसीय शिवमहापुराण कथा शुरु

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गरियाबंद

नगर में आगामी शिवमहापुराण कथा के शुभारंभ से पूर्व पूरे शहर का माहौल भक्ति के रंग में रंग गया। सुप्रसिद्ध कथावाचक श्री श्री 1008 महामंडलेश्वर संत डॉ. इंद्रदेव सरस्वती जी महाराज (वृंदावन) के गरियाबंद आगमन पर मालगांव से तिरंगा चौक तक श्रद्धालुओं ने भव्य बाइक रैली निकाली। तिरंगा चौक पहुंचने पर संत महाराज का जयघोष, ढोल-नगाड़ों और पुष्पवर्षा के बीच भव्य स्वागत किया गया। नगर में 1 दिसम्बर मार्गशीर्ष शुक्ल पक्ष एकादशी से गांधी मैदान में सात दिवसीय श्री शिवमहापुराण कथा की शुरुआत हो गई है। प्रत्येक दिन दोपहर 2 बजे से शाम 5 बजे तक कथा का आयोजन किया गया है। आयोजन समिति ने तैयारियों को अंतिम रूप दे दिया है। 1 दिसम्बर को कथा का आरंभ भव्य कलश ▶▶शेष पेज 11 पर



### बड़ी संख्या में कथा श्रवण करने जुटेंगे श्रद्धालु

आयोजन समिति के प्रमुख धरमू देवांगन ने बताया कि यह आयोजन पूरे नगर के लिए भक्ति और अध्यात्म का पर्व है। शिवमहापुराण कथा के माध्यम से नगर एक सप्ताह तक शिवमय रहेगा। कथा स्थल गांधी मैदान को आकर्षक रूप से सजाया गया है। श्रद्धालु बड़ी संख्या में कथा श्रवण के लिए जुटने की तैयारी कर रहे हैं। आयोजन समिति का दावा है कि यह कार्यक्रम नगर के धार्मिक और सांस्कृतिक जीवन में नया अध्याय जोड़ेगा।


हरिभूमि

जन्मदिन उत्सव महाबम्पर ड्रा

## सांत्वना पुरस्कार विजेताओं के नाम

**रायपुर संस्करण** - 297. खुशी नायक पिता\पति संदीप नायक पता - रावन भाटा रायपुर, 298. भारत लाल चतुर्वेदी पिता\पति स्व. ताराचंद चतुर्वेदी पता- रावतपुरा कॉलोनी फेज 01 मठपुरेना रायपुर, 299. भावना वर्मा पिता\पति खोमन वर्मा पता- जागृति नगर बीरगांव, 300. प्रियंका ठाकरे पिता\पति सचिन ठाकरे पता- संजय नगर रायपुर, 301. श्रीकांत वैष्णव पिता\पति संतोष कुमार वैष्णव पता- डिरापारा रायपुर, 302. इन्द्राणी रमेश शर्मा पिता\पति ब्यास नारायण मिश्रा पता - ब्राम्हण पारा रायपुर, 303. भाविका साहू पिता\पति गौतम साहू पता - वेदाता सिटी कांदुल रोड, 304. लक्ष्मीकान्त यादव पिता\पति जे.एल. यादव पता - मठपारा रायपुर, 305. संतोषी यादव पिता\पति सतीश यादव पता- पुरानी बस्ती रायपुर, 306. प्रेमचंद साहू पिता\पति टेटकू राम साहू पता – पिपरौद, 307. खुमेश साहु पिता\पति प्रेम लाल साहु पता- तर्रा पोस्ट -सुरसाबाँधा, 308. चुन्नी निर्मलकर पिता\पति पुनीतराम निर्मलकर पता-सेमरा भखारा, 309. तोवा राम साहू पिता\पति स्व. पंचराम साहू पता- नगरी, 310.कुनाल साहू पिता\पति डोमेन्द्र साहू पता- सांकरा , नगरी, 311. अमन कन्नौजे पिता\पति एस.आर. कन्नौजे पता- वार्ड न. 43 बसंतपुर राजनादगांव, 312. रेणुका श्रीवास्तव पिता\पति एस .एल श्रीवास्तव पता- रेवाडीह वार्ड न. 21, 313. प्रज्वल पाटिल पिता\पति जसवंत पाटिल पता- वार्ड न.-16, बैलापसरा राजनादगांव, 314. यशवंत कुमार सप्रे पिता\पति ईतवारी राम सप्रे पता- बेमेतरा, 315. टीकाराम सेन पिता\पति सुकदेव राम सेन पता- बरदेभाठा चौक कांकेर, 316. दुलेश्वरी पिता\पति मुकेश कुमार पता- डौंडी नगर भंडारी पारा वार्ड न. 08, 317. सुमन ठाकुर पिता\पति शैलेन्द्र ठाकुर पता- जगदलपुर, 318. खोमराज पटेल पिता\पति भवर लाल पटेल पता- नर्रा, 319. महेश आमदे पिता\पति भुलऊराम आमदे पता- कवर्धा, 320. तेजनाथ साहू पिता\पति राधेश्याम साहू पता- कमल कॉलोनी बलौदाबाजार, 321. सुयश आचार्य पिता\पति प्रशांत आचार्य पता- अस्पताल वार्ड कोंडागांव, 322. पंकज कुमार साहू पिता\पति छत्रपाल साहू पता-पोटियाकला दुर्ग, 323. बलदाऊ लाल साहू पिता\पति स्व. राम्लू लाल साहू पता- आदर्श स्ट्रीट रामनगर भिलाई, 324. डिम्पल चौधरी पिता\पति नन्द जंघेल पता-दुर्गा पारा मुकम खदान सुपेला, 325. जानवी टंडन पिता\पति M.L.टंडन पता-वेदांत नगर फेज-2 उमरपोटी, 326. अथर्व विकास बेहेरे पिता\पति विकास विनायक बेहेरे पता- सुभाष नगर, 327. ईशा राजपूत पिता\पति अशोक राजपूत पता-सुभाष नगर वार्ड 42 दुर्ग, 328. पंकज कुमार पटेल पिता\पति स्व. नन्द कुमार पटेल पता- पटेल पारा वार्ड क्र.57 उरला दुर्ग, 329. स्वीकृति चौहान पिता\पति बिरेन्द्र चौहान पता- साहू पारा रामनगर भिलाई, 330. गजरा सोनी पिता\पति ननकू प्रसाद सोनी पता-दुर्ग, 331. रितिका साहू पिता\पति ताम्रध्वज साहू पता- कोहिका भिलाई, **बिलासपुर संस्करण-** 332. अफरोज बानो, पिता/पति- मुनव्वर खान पता- आदर्श चौक मंगला, बिलासपुर 333. राजकुमारी साहू पिता/पति- बाबू लाल साहू पता- बहतराई, बिलासपुर, 334. सुलोचना कुर्रे पिता/पति- राजाराम कुर्रे पता- बंधवा पारा सरकंडा, बिलासपुर, 335. कुसय हुसैन पिता/पति-मुश्ताक हुसैन पता- खपरगंज बिलासपुर, 336. आरती शर्मा पिता/पति- स्व.एम.एल.शर्मा पता- गुरूनानक चौक, बिलासपुर, 337. मनोज नाथानी पिता/पति- माधसव दास नाथानी पता- रामा वैली आर-8-11, बिलासपुर, 338. साक्षी साहू पिता/पति-चंद्रशेखर साहू पता- तोरवा बिलासपुर, 339. प्रियंका शर्मा पिता/पति- श्री पवन शर्मा पता- ईदगाह रोड, बिलासपुर, 340. राकेश सिंह राजपूत पिता/पति- विजय सिंह राजपूत, पता- सांई नगर, उस्लापुर बिलासपुर 341. मालती साहू पिता/पति-देवलाल साहू पता- बाजार चौक, यदुनंदन नगर, तिफरा बिलासपुर, 342. सतीश कुमार साहू पिता/पति- बुधराम साहू पता- तिफरा बिलासपुर, 343. अर्थव यादव पिता/पति-सुदर्शन यादव पता- कस्तूरबा नगर, बिलासपुर, 344. माही यादव पिता /पति - सूरज यादव, पता- पड़ावपारा कोटा, 345. सुशील कुमार पिता /पति - धनना लाल पता - जरौधा जिला बिलासपुर, 346.सुमन सूर्यवंशी पिता /पति - धनना लाल पता - जरौधा जिला बिलासपुर, 347. जानवी कौशिक पिता /पति - सनत कौशिक, पता - खमरिया काठाकोनी, 348. साधना भगत पिता /पति - गोपाल राम भगत , पता – रतनपुर, 349. नरेश गोयल पिता /पति - नैवत राम गोयल, पता -पेण्ड्रा रोड , 350. किरण पांडे पिता /पति - रवि शंकर पांडे पता - पुरानी बस्ती मस्तूरी, 351. हर्षिता कौशिक पिता /पति - उमाशंकर कौशिक पता - सिचाई कालोनी सकरी, 352. दीपक कुमार यादव पिता /पति - जीवन लाल यादव पता - कर्रा सीपत, 353. प्रियंका सूर्यवशी , पिता /पति - नारायण प्रसाद सूर्यवंशी, पता - भरारी जांजगीर जिला, 354 दिनेश कुमार यादव, पिता /पति - नर्मदा प्रसाद यादव, पता- शकुल पारा खरौद **भोपाल संस्करण-** 355. शिवन्या जाटव पिता\पति - स्व मोनू जाटवमकान न. 2597 राजीव नगरकोटरा, 356. हर्षिता तोमर पिता\पति - देवेन्द्र सिंह तोमर `नेहरू नगर भोपाल, 357. साबरा बी पिता\पति - मो. जोएब 126 इंद्रा नगर टीला जमालपुरा, 358. जाकिया आमिर पिता\पति - मो. आमिरबाग मुफ्ती साहबकबीटपुरा, 359. पवन यादव पिता\पति - मांगीलाल ग्राम नून्या हेड़ीराजगढ़, 360. मधु दांगी पिता\पति - सोमराज दांगीशर्मा कॉलोनी प्रताप वार्डबीना, 361. पूनम दांगी पिता\पति - नीरज सिंह दांगीसागौनीगुरू सागर, 362. फैजान खान पिता\पति - आतिफ खान सीहोर नाका सीहोर, **जबलपुर संस्करण-** 363. निधि अग्रवाल पिता\पति- रतन अग्रवाल लाल कुआं हनुमानतल जबलपुर, 364. भारती मिश्रा पिता\पति – स्व. राजकुमार दुबे रिछाई जबलपुर, 365. रजनी सुदीशा पिता\पति- उत्तम कुमार सुदिशा बिरसिंहपुर पाली उमरिया, 366. शरद विश्वकर्मा पिता\पति - हरलाल विश्वकर्मा छपारा सिवनी, 367. मनीष विश्वकर्मा पिता\पति - इंद्रजीत विश्वकर्मा प्रेम नगर इसाई मोहल्ला मदन महल, 368. नरेश नाईक पिता\पति - स्वर्गीय पंढरीनाथ नाईक शिवनगर गढ़ा जबलपुर, 369. राजेंद्र अहिरवार पिता\पति - नारायण प्रसाद अहिरवार मकान नंबर 113 छिंवला ग्वारीघाट जबलपुर, 370. श्रुति शुक्ला पिता\पति - सुधीर कुमार शुक्ला मकान नंबर 361 दुर्गा कॉलोनी शीतला माई वार्ड घमापुर जबलपुर।

नियम एवं शर्तें लागू* शेष विजेताओं की सूची के लिये पढ़ते रहिए हरिभूमि

## खबर संक्षेप



### सिद्ध हनुमान जन्मोत्सव समिति द्वारा प्राचार्य बनने पर रामनारायण का सम्मान

**राजिम।** छत्तीसगढ़ शिक्षक संघ के प्रांतीय प्रवक्ता एवं रायपुर संभाग के अध्यक्ष रामनारायण मिश्रा को हायर सेकेंडरी स्कूल बिजली में प्राचार्य पद पर पदोन्नति प्राप्त होने पर हनुमान जन्मोत्सव समिति राजिम द्वारा सम्मानित किया गया। समिति ने उन्हें शाल, श्रीफल एवं गुलदस्ता भेंट कर सम्मान प्रदान किया।इस अवसर पर समिति के संरक्षक लाला साहू, बंधु साहू, पार्षद बलराम यादव, भोले साहू, रामकुमार साहू, लिली यादव, पंडित विकास मिश्रा, शिक्षक संघ के किशोर कुमार निर्मलकर, मनीराम साहू सहित अनेक गणमान्य उपस्थित थे।

### राम मंदिर में मनाई गई गीता जयंती

**महासमुंद।** ग्राम खरोरा के राममंदिर में गीता जयंती पर महिलाओं ने पूजा अर्चना की। इस दौरान हिरेंद वैष्णव ने बताया कि गीता का महत्व भारतीय संस्कृति और धर्म के पावन पर्वों में गीता जयंती का विशेष स्थान है। हर साल मनाई जाने वाली यह जयंती, महाभारत के युद्धभूमि कुरुक्षेत्र में भगवान कृष्ण द्वारा अर्जुन को दिया गया भगवद गीता का उपदेश स्मरण करती है। गीता जयंती का मुख्य उद्देश्य मानव जीवन में धर्म, कर्म और अध्यात्म के मार्ग को उजागर करना है। इस वर्ष, 2025 में गीता जयंती 1 दिसंबर को मनाई गई। देशभर के मंदिरों, आश्रमों और शैक्षणिक संस्थानों में विशेष आयोजन हुए। इस अवसर पर हीरेन्द वैष्णव, फुलेश्वरी चंद्राकर, उत्तरा चंद्राकर, सरोज चंद्राकर, लक्ष्मी चंद्राकर, कामता चंद्राकर, लीना चंद्राकर, उमा चंद्राकर आदि मौजूद रहे।

### प्रांत स्तरीय दत्तात्रेय प्राकट्योत्सव 4 को

**महासमुंद।** छत्तीसगढ़ सनातन दशनाम गोस्वामी समाज जिला इकाई महासमुंद की कार्यकारिणी बैठक ग्राम लभराकला हुई। बैठक में निर्णय लिया गया कि 4 दिसंबर को राजिम में आयोजित प्रांत स्तरीय दत्तात्रेय प्राकट्योत्सव में जिले से अधिक से अधिक संख्या में सदस्यगण शामिल होंगे। वहीं जिले की आमसभा फरवरी में किया जाएगा। जिसमें जिला इकाई के नवीन निर्वाचन का कार्यक्रम निर्धारित किया जाएगा। हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी होली मिलन समारोह आयोजित किए जाने का निर्णय लिया गया, जिसमें महिलाओं और बच्चों को भी आमंत्रित किया जाएगा। बैठक में जिला अध्यक्ष तोषण गिरी गोस्वामी, उपाध्यक्ष रामेंद्र प्रकाश गिरी, सचिव ओमप्रकाश पुरी, डिगेंद्र गिरी, मनोज गिरी, अर्जुन गिरी, संतोष गिरी, राजू गिरी, बबलू गोस्वामी, युवराज बन, शीतल गोस्वामी, प्रियंका गोस्वामी, डाली गोस्वामी आदि उपस्थित रहे।

### योग भवन में गीता जयंती पर रोपे गए चंदन के पौधे

**महासमुंद।** गीता जयंती पर स्वामी शिवानंद योगभवन में डोंगरगढ़ से पहुंचे स्वामी विद्यानंद सरस्वती द्वारा चंदन के पौधे रोपे गए। इसके अलावा निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण भी किया गया। इस अवसर पर स्वामी सरस्वती विद्यानंद ने कहा कि पौधे हमें आक्सीजन देते हैं, इसलिए पौधरोपण करना चाहिए। दिव्य जीवन संघ के अध्यक्ष ने कहा कि प्रकृति की इस आक्सीजन की सुरक्षा की सभी की जवाबदारी हमारी है।

## निधन

### भामी अम्मा माखीजा



**नवापारा-राजिम।** पूज्य सिंध पंचायत की सबसे वरिष्ठ माता भामी अम्मा माखीजा धर्मपत्नी स्व. मंगूमल माखीजा का निधन 105 वर्ष की उम्र में हो गया। जिनका अंतिम संस्कार मुक्तिधाम में किया गया। जिसमें गणमान्य नागरिक शामिल हुए।

**कार्यक्रम : नामवली विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम में हुईं शामिल**

# सांसद चौधरी ग्राम कोयबा पहुंचीं ग्रामीणों ने बताई अपनी समस्या

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

महासमुन्द लोकसभा क्षेत्र के सासंद रूपकुमारी चौधरी सोमवार को मैनपुर विकासखण्ड क्षेत्र के ग्राम कोयबा पहुंचे यहां भाजपा मंडल द्वारा आयोजित बैठक निर्वाचक नामवली विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम में शामिल हुए। इस दौरान पूर्व संसदीय सचिव गोवर्धन मांझी, पूर्व विधायक डमरूधर पुजारी, भाजपा गरियाबंद जिलाध्यक्ष अनिल चन्द्राकर, जिला पंचायत गरियाबंद के अध्यक्ष गौरीशंकर कश्यप, आशीश शर्मा, भाजपा मंडल कांदाडोगर के अध्यक्ष नवीन मांझी एंव भाजपा कार्यकर्ता बडी संख्या में उपस्थित थे, भाजपा मण्डल कांदाडोंगर के ग्राम कोयबा में एसआईआर (विशेष गहन पुनरीक्षण) के सुझाव एवं समीक्षा विधानसभा स्तरीय कार्यशाला महासमुंद लोकसभा के सांसद रूपकुमारी चौधरी के नेतृत्व मे सम्पन्न हुआ। उन्होंने बताया कि यह अभियान संगठन को सशक्त बनाने और बूथ स्तर तक पार्टी की नीतियों को पहुंचाने का एक प्रमुख माध्यम है। कार्यकर्ताओं से आग्रह किया कि वे घर-घर जाकर मतदाता सूची में सहयोग करें। इस दौरान भाजपा जिला अध्यक्ष अनिल चंद्राकर, बिन्द्रानवागढ़ पूर्व विधायक एवं संसदीय सचिव गोवर्धन सिंह मांझी, बिंद्रानवागढ़ पूर्व विधायक डमरूधर पुजारी, जिला पंचायत अध्यक्ष गौरीशंकर कश्यप, ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया और भाजपा कार्यकर्ताओं को एसआईआर के संबंध में विस्तार से बताया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से भागीरथी मांझी, जिला महामंत्री आशीष शर्मा, पूर्व जिला महामंत्री पुनीत सिन्हा, जनपद पंचायत मैनपुर सभापति निर्भय सिंह ठाकुर, प्रदेश किसान मोर्चा सदस्य बोधन नायक, मंडल अध्यक्ष नवीन मांझी, महामंत्री मुकेश साहू, महामंत्री दिनेश नागेश, मंत्री सुकदेव सोरी, उपाध्यक्ष खुदेश्वर यादव, कोषाध्यक्ष देवीसिंह नेताम, हरीश मांझी, रूपसिंह बस्तिया, सुरेश दंता, अविनाश भोंसले, प्रहलाद ध्रुव, तिरेश प्रधान एवं ज्येष्ठ श्रेष्ठ कार्यकर्ता उपस्थित रहे।




**ग्रामीण बुनियादी सुविधाओं के लिए तरस रहे**

मैनपुर कोयबा पहुचे महासमुन्द लोकसभा क्षेत्र के सांसद का जहां एक ओर भाजपा कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया वहीं दूसरी ओर ग्रामीणों ने उनका आत्मीयता से स्वागत करते हुए उन्हे बताया कि इस क्षेत्र के ग्रामीण मूलभूत बुनियादी सुविधाओं के लिए तरस रहे हैं। ग्राम पंचायत जांगडा के उपसरपच भानुप्रताप सिन्हा के नेतृत्व में ग्रामीणों को सांसद को ज्ञापन सौंपकर जांगड़ा, बरगांव, पायलीखण्ड, कुरूभाठा, जुंगाड व क्षेत्र के ग्रामों में बिजली लगाने की मांग किया। ग्रामीणों ने बताया कि इन ग्रामों में आज तक बिजली नहीं लगा पाया है जिसके कारण ग्रामीणों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। गांव में ऐसे तो क्रेडा विभाग द्वारा सौर उर्जा लगाया गया है लेकिन वह काफी पुराना होने के कारण कई जगह बैटरी व अन्य कलपुर्जे खराब हो गए हैं जिसके कारण ग्रामीणों को महज एक दो घंटा ही सौर उर्जा से लाईट मिल पाती है उसके बाद पूरी रात अंधेरे में जीवन यापन करना पड रहा है, साथ ही ग्रामीणों ने इन ग्रामो में सड़क, स्कूल भवन, स्वास्थ्य की समस्या से अवगत कराया। सासंद रूपकुमारी चौधरी ने ग्रामीणों को उक्त समस्याओं का समाधान करने का आश्वासन दिया है।

# ओपन स्कूल कक्षाओं का हुआ शुभारंभ



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रसेला

ग्राम हीराबतर स्थित इफको टोकियो भवन में प्रगति योजना अंतर्गत 14 से 29 वर्ष आयु वर्ग की बालिकाओं एवं महिलाओं के लिए ओपन स्कूल परीक्षा की तैयारी के लिए विशेष कक्षाओं का शुभारंभ किया गया है। इस पहल का उद्देश्य उन बालिकाओं और महिलाओं को मुख्यधारा की शिक्षा से जोड़ना है, जो किसी कारणवश अपनी पढ़ाई बीच में छोड़ने को मजबूर हो गई थीं। एग्रोकेट सोसायटी रुरल फॉर डेवलपमेंट संस्था द्वारा संचालित इस कार्यक्रम के माध्यम से कक्षा 10वीं ओपन स्कूल परीक्षा की तैयारी के लिए नियमित कक्षाएं प्रारंभ की गई हैं। संस्था की ओर से बताया गया कि प्रगति योजना का मकसद ग्रामीण क्षेत्रों की बालिकाओं को शिक्षा का दूसरा मौका प्रदान करना है, जिससे वे उच्च शिक्षा, प्रतियोगी परीक्षाओं तथा रोजगार के अवसरों के लिए आगे बढ़ सकें। कक्षा संचालन की शुरुआत के अवसर पर संस्था के पदाधिकारियों ने बताया कि बालिकाओं व महिलाओं को निःशुल्क अध्ययन सामग्री उपलब्ध करवाई जा रही है। नियमित रूप से विषय विशेषज्ञों द्वारा पढ़ाई करवाई जाएगी। परीक्षा की तैयारी को सरल बनाने विभिन्न मॉडल टेस्ट, प्रैक्टिस सेट एवं व्यक्तिगत मार्गदर्शन भी दिया जाएगा। स्थानीय ग्रामीणों एवं अभिभावकों ने संस्था के इस कदम की सराहना की और कहा कि यह पहल गांव की कई बालिकाओं के भविष्य को नई दिशा देगी। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में बालिकाएं उपस्थित रहीं और शिक्षा के प्रति नया उत्साह देखा गया। एग्रोकेट सोसायटी ने अपील की है कि जिन बालिकाओं या महिलाओं की पढ़ाई किसी भी वजह से छूट गई है, वे इस योजना से जुड़कर पुनः अपनी शिक्षा को आगे बढ़ाएं।

# बच्चों ने स्वादिष्ट भोजन का लुफ्त उठाया



हरिभूमि न्यूज ▶▶| फिंगेश्वर

शासकीय प्राथमिक/पूर्व माध्यमिक शाला बारूला में न्योता भोज कार्यक्रम का आयोजन किया गया। संस्कृत के सुभाषित वाक्यों में शुभस्य शीघ्रम की बात कही जाती है अर्थात शुभ कार्य में शीघ्रता की जानी चाहिए। एक ऐसे ही शुभ कार्य के पहल करते हुए भीखमचंद साहू पूर्व अपर कलेक्टर अपने सुपौत्र भाव्यांश के जन्मदिन एवं घनाराम साहू अपने सुपुत्री सावित्री साहू के विवाह के उपलक्ष्य में शासकीय प्राथमिक/पूर्व माध्यमिक शाला बारूला में न्योता भोज कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर न्योता भोज के तहत बच्चों को दाल, चावल, सब्जी के अलावा बड़ा, पूड़ी, जलेबी, चूरमा, पापड़ परोसा गया। भोजन करते समय बच्चों के चेहरे पर खुशियां झलक रही थी। कार्यक्रम के



अंत में पूर्व कलेक्टर के परिवार द्वारा सभी विद्याणथयों को पेन्सिल, कलम भेंटकर सम्मान किया गया। इस मौके पर संकुल प्राचार्य रामनारायण मिश्रा ने बच्चे को शुभाशीष देते हुए कहा कि प्रधानमंत्री पोषण शक्ति योजना के तहत स्कूलों में खास मौकों पर दानदाता पौष्टिक आहार का दान कर सकते हैं, ताकि बच्चों को और ज्यादा पोषण-आहार मिल सके। उन्होंने आगे बताया कि जो व्यक्ति विद्यार्थीयों को भोजन कराना चाहते हैं, उन्हें इसकी जानकारी पूर्व में ही देनी होगी। न्योता भोज के तहत व्यक्ति या संस्था विभिन्न त्योहारों या अवसरों जैसे वर्षगांठ, जन्मदिन, विवाह और राष्ट्रीय पर्व आदि पर छात्रों को भोजन करा सकेंगे। ऐसे मौके पर सामुदायिक सहभागिता का परिलक्षित होती है। पूरन लाल साहू व्याख्याता ने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा शुरू की गई एक पहल है जिसका उद्देश्य स्कूलों में मध्यान्ह भोजन के अलावा बच्चों को पौष्टिक और स्वादिष्ट भोजन कराना है जो बच्चों में समानता और अपनेपन की भावना को बढ़ावा देता है। इस अवसर पर भीखम साहू पूर्व कलेक्टर, केशव राम साहू सेवानिवृत्त प्रधान पाठक, शिवचरण साहू (शामिल संचालक) घनाराम साहू अधिवक्ता, सुखदेव राम साहू सरपंच, नोसराम साहू टिंबर व्यवसायी, भोमेश साहू, व्याख्याता पूरन लाल साहू, प्रधानपाठक लता ध्रुव, प्रेरणा सेन, लक्ष्मीनारायण सेन, मन्नू राम ध्रुव, मोती ध्रुव उपस्थित थे।

# सालासार समिति ने अग्रवाल परिवार को शॉल श्रीफल एवं पगड़ी पहनाकर किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा राजिम

सेठ रेखराज चतुर्भुज अग्रवाल परिवार द्वारा समर्पित ऐतिहासिक श्री राधाकृष्ण मंदिर के शताब्दी महोत्सव के भव्य एवं सफल आयोजन पर ट्रस्ट के सर्वराकार मोहनलाल अग्रवाल एवं गोपाल गिरधारी अग्रवाल ने समस्त नगरवासियों, अंचलवासियों, समाज के सभी वर्गों और विभिन्न सेवा-समूहों के प्रति आभार व्यक्त किया। कहा कि महोत्सव को भव्य बनाने में प्रत्यक्ष-अप्रत्यक्ष रूप से सहयोग देने वाले सभी लोगों का योगदान अतुलनीय रहा। आवास व्यवस्था में सहयोग देने हेतु पूज्य सिंध पंचायत, वर्णी भवन तथा अपने निजी निवास अतिथियों के लिए उपलब्ध कराने वाले सभी परिवारों को विशेष धन्यवाद दिया। प्रसाद एवं भोजन पैकिंग में जुटी महिला सेवाधारी, सिंध समाज की महिला सेवा टीम, जैन समाज के महिला-पुरुष सेवाधारी, अग्रवाल समाज तथा कलशों को सजाने वाली मातृशक्तियों का आभार व्यक्त किया गया। कलश यात्रा की संपूर्ण व्यवस्था संभालने वाले सालासर सुन्दरकाण्ड हनुमान चालीसा जनकल्याण समिति एवं नगर भोज में जुटे सभी समाजों के सेवाधारियों को ट्रस्ट ने धन्यवाद दिया। साउंड, लाइट, टेंट, हलवाई, नगर पालिका, पुलिस प्रशासन, विद्युत विभाग, जनप्रतिनिधियों सहित सभी विभागों के सहयोग को भी महत्वपूर्ण बताया पत्रकार बंधुओं एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया का विशेष आभार जताया गया, जिन्होंने अपनी



लेखनी और कवरेज से आयोजन की भव्यता को जन-जन तक पहुंचाया। इस अवसर पर अग्रवाल परिवार ने कहा कि शताब्दी महोत्सव में पधारकर हमारे उत्सव की शोभा बढ़ाने हेतु हम आप सभी अतिथिगणों के हृदय से आभारी हैं। आपकी उपस्थिति हमारे लिए सम्मान, प्रेरणा और अपार हर्ष का कारण बना। परिवार ने नम्रता के साथ कहा-यदि किसी भी अतिथि को किसी प्रकार की असुविधा हुई हो या मान-सम्मान में कोई कमी रह गई हो, तो हम उसके लिए हृदय से क्षमाप्रार्थी हैं। कहा कि ठाकुर जी की कृपा और नगर के सामूहिक सहयोग के बिना इतना भव्य आयोजन संभव नहीं था। राधा-कृष्ण मंदिर ट्रस्ट आप सभी सेवाधारियों का सदैव ऋणी रहेगा।

**ये रहे शामिल** - सालासर समिति के संस्थापक राजू काबरा ,अध्यक्ष धरम साहू ने इस आयोजन के लिए मंदिर के सर्वराकार मोहनलाल अग्रवाल,गोपाल अग्रवाल ,गिरधारी अग्रवाल का तिलक वंदन कर माला पहनाकर ,शाल भेंटकर एवं पगड़ी पहनाकर सम्मानित किया। इस अवसर पर नगरपालिका अध्यक्ष ओमकुमारी-संजय साहू,पूर्व अध्यक्ष विजय गोयल, देवराज सांखला,मनमोहन अग्रवाल, बसंत झाबक ,डॉक्टर टी एन रमेश, किशन सारडा, सुरेश काबरा,गोविंद मोहन अग्रवाल,मनहरण शर्मा,गोविंद राजपाल,अजय गुप्ता, राजू काबरा ,धरम साहू,संतोष अग्रवाल,नंदकिशोर राठी,रूपेंद्र चन्द्राकर,तारणी शर्मा,पिंकीं ,तुलसी भारती, मुस्कान,छाया साहू,ईशा देवांगन ,नेहा,चंचल तारक मौजूद थे।

# राष्ट्रगान में शामिल हुआ सक्ती का शैक्षणिक भ्रमण दल, देशभक्ति से सराबोर हुआ माहौल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम

नगर के हृदय स्थल पंडित सुंदरलाल शर्मा चौक में प्रतिदिन सुबह 8 बजे होने वाले राष्ट्रगान में एक अनोखा दृश्य देखने को मिला, जब सक्ती जिले के शास उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पेंड्री विकासखंड जैजैपुर के शैक्षणिक भ्रमण दल ने इसमें उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया। मालूम हो कि नगर पंचायत राजिम के अध्यक्ष महेश यादव के नेतृत्व में प्रतिदिन आयोजित होने वाले इस राष्ट्रगान कार्यक्रम में नगर के जनप्रतिनिधि गणमान्य नागरिकों के




साथ आमजन भी बड़ी संख्या में शामिल होते हैं। 15 अगस्त 2025 से प्रारंभ हुए इस दैनिक राष्ट्रगान के माध्यम से नगर में राष्ट्रभक्ति का वातावरण निर्मित होता है। लाउडस्पीकर के माध्यम से बजने वाले राष्ट्रगान के दौरान मार्ग से गुजरने वाले लोग भी दो मिनट रुककर सम्मान प्रकट करते हैं। शनिवार की सुबह राष्ट्रगान के समय पेंड्री स्कूल के 41 छात्र-छात्राएं एवं शिक्षक दल की उपस्थिति से चौक का माहौल देशभक्ति से सराबोर हो गया। भ्रमण दल के आगमन पर साहू समाज राजिम भक्तिन माता समिति के अध्यक्ष लाला साहू के नेतृत्व में विद्यालय परिवार का आत्मीय स्वागत किया गया। राष्ट्रगान में सहभागिता के बाद भ्रमण दल ने भगवान श्री राजीव लोचन मंदिर, श्री कुलेश्वरनाथ महादेव तथा लक्ष्मण झूला का अवलोकन कर सांस्कृतिक और ऐतिहासिक धरोहरों का आनंद लिया। इस शैक्षणिक भ्रमण दल में प्रभारी प्राचार्य राजेश्वर प्रसाद हंस, शिक्षक श्याम साहू, कौशल साहू, राधिका पटेल, कुंदन कर्ष सहित 41 छात्र-छात्राएं शामिल रहे।

# एथलेटिक्स एसोसिएशन की बैठक में प्रदेश के पदाधिकारी पहुंचे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम

एथलेटिक्स एसोसिएशन छत्तीसगढ़ की बैठक बिलासपुर में आयोजित की गई जिसमें प्रदेश के सभी जिले के समस्त अध्यक्ष व सचिव उपस्थित हुए। जानकारी के मुताबिक छत्तीसगढ़ एथलेटिक्स संघ के अध्यक्ष अवधेश त्रिवेदी वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक दक्षिण पूर्व मध्य रेल रायपुर तथा कोषाध्यक्ष सौरभ राय को बनाया गया। इन दोनो पदाधिकारियो को जिला गरियाबंद एथलेटिक्स संघ के अध्यक्ष शरद



पारकर ने गुलदस्ता भेंट कर बधाई शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर एथलेटिक्स संघ के महासचिव अमरनाथ सिंग, पूर्व महासचिव राधाकृष्णन पिल्ले, हरिश्चंद्र निषाद सहित संघ के प्रदेश व जिले के पदाधिकारी व सदस्य मौजूद थे।

# श्रीराम जानकी मंदिर परिसर में टीना शेड निर्माण का हुआ भूमि पूजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

ग्राम पंचायत बहेराबुड़ा में शुक्रवार को धार्मिक और पारंपरिक विधि-विधान के साथ श्रीराम-जानकी मंदिर के सामने प्रस्तावित टीना शेड निर्माण कार्य का भूमि पूजन संपन्न हुआ। सुबह से ही मंदिर परिसर में ग्रामीणों का आना-जाना लगा रहा और पूरा वातावरण भक्ति, उत्साह और सामाजिक एकता के रंग में रंगा हुआ नजर आया। भूमि पूजन कार्यक्रम में गांव के वरिष्ठ नागरिकों, जनप्रतिनिधियों और ग्राम समिति के सदस्यों ने संयुक्त रूप से पूजा-अर्चना कर शेड निर्माण कार्य की औपचारिक शुरुआत की। ग्रामीणों ने कहा कि मंदिर परिसर में शेड बनने से गांव के धार्मिक, सामाजिक और सांस्कृतिक कार्यक्रमों के लिए एक सुव्यवस्थित स्थान उपलब्ध होगा, जिससे



ग्रामीणों को काफी सुविधा मिलेगी। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व अध्यक्ष सरपंच संघ गरियाबंद एवं सरपंच प्रतिनिधि मनीष ध्रुव उपस्थित रहे। उन्होंने ग्रामवासियों को संबोधित करते हुए कहा कि बहेराबुड़ा हमेशा से सामाजिक एकता और सहयोग की मिसाल रहा है। मंदिर परिसर में टीना शेड निर्माण से ग्राम में आने वाले आयोजनों को बेहतर सुविधा प्रदान होगी और यह स्थान ग्रामीण गतिविधियों का केंद्र बनेगा। इस अवसर पर ग्राम प्रमुख पुरुषोत्तम चंद्राकर, ग्राम समिति अध्यक्ष शंकर ठाकुर, लीलाराम विश्वकर्मा, दुबे महाराज, दाऊ लाल साहू, मनीराम मंडावी, गढ़हा कुंजाम, तीरीथ कुंजाम, धनेश ध्रुव, मोहित ध्रुव, ओमकार नागेश, आनंद मंडावी, लाल बहादुर सहित ग्राम के अन्य सम्मानित नागरिक उपस्थित रहे। सभी ने भूमि पूजन कार्य में अपनी सहभागिता जताते हुए ग्राम विकास के प्रति एकजुटता का प्रदर्शन किया। ग्रामवासियों का कहना है कि लंबे समय से शेड निर्माण की आवश्यकता महसूस की जा रही थी। बरसात और तेज धूप के दौरान किसी भी कार्यक्रम के आयोजन में कठिनाई आती थी। शेड निर्माण के बाद यह समस्या दूर होगी और ग्रामीणों को एक सुरक्षित व्यवस्थित स्थान उपलब्ध होगा। अंत में गांव के बुजुर्गों ने मंदिर परिसर में स्वच्छता और संरक्षण के लिए भी सामूहिक रूप से आगे आने की अपील की। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित जनों ने मिलकर प्रसाद ग्रहण किया और निर्माण कार्य जल्द पूर्ण होने की कामना की।



### विधायक ने किया पीएम आवास योजना शहरी 2.0 के तहत स्वीकृति पत्र एवं अनुज्ञा पत्र का वितरण

**महासमुंद।** प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी 2.0 के तहत नगर पालिका द्वारा सोमवार को स्थानीय टाऊन हॉल में अनुज्ञा एवं स्वीकृति पत्र वितरण किया गया। कार्यक्रम के विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने हितग्राहियों को अनुज्ञा एवं स्वीकृति पत्र वितरण किया। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू सहित सीएमओ अशोक सलामे, इंजीनियर हेमंत पिस्दा, आवास प्रभारी लोकरंजन साहू, दुर्गेश कुंजेकर, करण यादव, नौशाद बख्श, सीताराम चेलक, रिक्की महंती सहित अन्य उपस्थित रहे।

**विडंबना :** कभी मैनपुर का दुबराज चांवल ओड़िशा सहित देश के विभिन्न प्रदेशों में जाता था अब नाम मात्र का रकबा

# कीटनाशकों के अंधाधुंध उपयोग से दुबराज व जीराफुल धान की महक हो रही है गायब

हरिभूमि न्यूज ⏭ मैनपुर

गरियाबंद जिले के आदिवासी विकासखण्ड वनांचल मैनपुर क्षेत्र के सुगंधित दुबराज चांवल की महक कभी ओड़िशा सहित विभिन्न प्रदेशों में महक उठता था और मैनपुर का दुबराज चांवल को बड़े-बड़े व्यापारी राजनेता खरीदकर ले जाया करते थे। मुंह मांगी कीमत किसानो को मिलता करता था लेकिन अंधाधुंध कीटनाशकों के उपयोग से अब दुबराज चांवल की महक जहां एक ओर गायब होती जा रही है वही खेतो से भी अब यह धान लगभग गायब होने की कगार पर है। आज की स्थिति में कुछ शौकीन किसान अपने घर के नीजी उपयोग के लिए ही दुबराज की फसल ले रहे है। मिली जानकारी के अनुसार मैनपुर विकासखण्ड क्षेत्र में लगभग 22 हजार हेक्टेयर में किसान धान की फसल लेते है लेकिन सुगंधित धान की रकबा लगातार कम होती जा रही है एक तरफ शासन प्रशासन व कृषि विभाग द्वारा किसानों को सुगंधित धान के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है लेकिन इसका असर कुछ खास नहीं दिख रहा है। कृषि विभाग से मिली जानकारी के अनुसार पूरे मैनपुर विकासखण्ड़ में लगभग 500 हेक्टेयर के आसपास सुगंधित धान दुबराज, जवाफुल, जीराफुल, विष्णुभोग, कमलाभोग जैसे सुगंधित धान की फसल लिया जाता है जिसमें दुबराज तो महज 80–90 हेक्टेयर में ही सिमट गया है और इन सुगंधित धानो में अब पहले जैसे महक भी नही रही इसके पीछे की वजह कृषि वैज्ञानिकों के अनुसार बेहताशा रासायनिक खादो और कीटनाशको के उपयोग को बता रहे है। मैनपुर के वरिष्ठ किसान रूदे"वर साहू, थानुराम पटेल, लोचन नागेश, गुमान ठाकुर का कहना है दुबराज, विष्णुभोग, जीराफुल को बडे धान कहा जाता है और इसके फसल को तैयार होने में अन्य धान की अपेक्षा कुछ ज्यादा समय लगता है वही इन धान का अब डिमांड भी कम होता जा रहा है उत्पादन भी काफी कम हो गया है किसानो का कहना है एक एकड़ में दुबराज और जीराफुल की खेती करते है तो 7 से 8 क्विंटल से अधिक उत्पादन किसी भी हालत में नही होती वही हाइब्रिड धान की खेती से 18 से 20 क्विंटल तक उत्पादन होता है इसलिए किसान अब इन पतला सुगंधित धान की खेती कम कर दिये है।

### प्रोत्साहित किया जा रहा है

कृषि अधिकारी भावेश शांडिल्य ने बताया की लगातार कृषि विभाग द्वारा सुगंधित धान की फसल लेने किसानों को प्रोत्साहित किया जा रहा है। उन्होने कहा की मैनपुर विकासखण्ड क्षेत्र में लगभग 500 हेक्टेयर में सुगंधित धान की फसल ली जाती है। श्री शांडिल्य के अनुसार अंधाधुंध रासायनिक खादो और कीटनाशकों के उपयोग के कारण धान से सुगंध कम होती जा रही है।



### मोहल्ले में फैल जाती थी महक

क्षेत्र के गृहणी मालती बाई, दशरी यादव, राधा यादव के अनुसार पहले यदि किसी के घर में दुबराज चांवल पक रहा होता तो इसकी खुशबु और महक पूरे मोहल्ले में फैल जाती थी और लोग जान जाते थे कि इनके यहां दुबराज चांवल पक रहा है अब दुबराज चांवल पका लो खुद को भी महक पता नही चलता अब लोग दुकान से चांवल खरीदकर खाना पसंद करते है।

# रसेला में चार दिवसीय 24 कुण्डीय गायत्री महायज्ञ की तैयारी जोरों

हरिभूमि न्यूज ⏭ रसेला

ग्राम रसेला में चार दिवसीय 24 कुण्डीय गायत्री महायज्ञ की तैयारियां जोरों पर चल रही है। जिनमें पंडाल और गेट निर्माण व यज्ञ कुंड के साथ भव्य कलश यात्रा, के साथ अन्य गतिविधियां कार्यक्रम शामिल हैं। इन तैयारियों में गायत्री परिवार के कार्यकर्ता सहित समस्त ग्रामवासी सक्रिय रूप से जुटे हुए हैं और लोगों को कार्यक्रम में शामिल होने के लिए आमंत्रित कर रहे हैं, साथ ही संस्कार और ध्यान साधना जैसे आयोजन भी किए जा रहे हैं। धार्मिक आयोजन का शुभारंभ 9 दिसंबर को कलश यात्रा के साथ होगा। जिला समन्वयक टीकम साहू ने बताया कि पहले दिन कलश यात्रा में हजारों कन्याएं सिर पर कलश लेकर गांव का भ्रमण करेगी। अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार से यज्ञाचार्य और प्रवाचक प्रवाचिकाए उपस्थित होंगे। महायज्ञ के दौरान युवाओं को भारतीय सभ्यता और संस्कृति से जोड़ने के लिए प्रेरणा सत्र का आयोजन भी किया जाएगा। इसमें शांतिकुंज हरिद्वार से आए विद्वान वक्ता भाग लेंगे। यज्ञ के दौरान ध्यान - साधना, प्रज्ञा यज्ञ,उपनयन, मुंडन और नामकरण जैसे संस्कारों का भी आयोजन होगा। पंडाल में लाखों की



भीड़ उमड़ने की उम्मीद है। यही वजह है कि किसी भी प्रकार त्रुटि ना हो, इसका ध्यान रखा जा रहा है। इसके अलावा गायत्री परिवार के सक्रिय सदस्यगण बाकी की तैयारियां में लगे हुए हैं। इस महायज्ञ को सफल बनाने हेतु यज्ञ से जुड़ी हर बिंदु पर गायत्री परिवार के साथ साथ समाज के गणमान्य लोग भी नजर रख रहे हैं एवं अपना समय भी दे रहे हैं। इस यज्ञ के भव्यता को देखते हुए सभी ग्राम प्रमुखों की सदस्यीय आयोजन कमेटी का गठन किया गया है। जो हर समय सक्रिय दिख रहे हैं। यह महायज्ञ 9 दिसंबर से प्रारंभ होकर 12 दिसंबर तक चलेगा।

## पेज 9 के शेष...

### पंडित दीनदयाल...

वाहनों का रहता है। कि ये वाहने गंज रोड से रायपुर की ओर मुड़ेगी कि गरियाबंद की ओर। नेशनल हाइवे होने के बावजूद इस चौक के प्रति विभागीय अफसरो की लापरवाही एवं गैर जिम्मेदाराना हरकत कभी भी बड़ी दुर्घटना को जन्म दे सकती है। विभाग द्वारा न तो यहां पर डिवाइडर बनाया गया है और न ही स्पीड ब्रेकर।

### सात दिवसीय...

यात्रा, वेदी पूजन और महात्म्य वाचन से होगा। आयोजन को लेकर नगर में उत्साह का माहौल है। 2 दिसम्बर शिवमहापुराण परिचय, शिवलिंग स्थापना, भस्म-रुद्राक्ष विधि, 3 दिसम्बर नारद मोह, सृष्टि वर्णन, अर्धनारीश्वर कथा, 4 दिसम्बर समुद्र मंथन, गंगा अवतरण, पंचमुखी कथा, श्रीराम जन्म, 5 दिसम्बर शिव चरित्र, पार्वती जन्म, शिव-पार्वती विवाह, 6 दिसम्बर गणेश व कार्तिक जन्म, गजासुर कथा, दुर्वासा-हनुमान चरित्र, 7 दिसम्बर पंचाक्षर मंत्र, बिल्वपत्र वर्षा, सहस्त्रधारा स्नान और भव्य शोभायात्रा, 8 दिसम्बर हवन, पूर्णाहुति, महाआरती, भंडारा व प्रसाद वितरण।

# आईएसबीएम विश्वविद्यालय के छात्रों का औद्योगिक भ्रमण सीडीएल कुम्हारी में

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुरा

आईएसबीएम यूनिवर्सिटी के विज्ञान संकाय के विद्यार्थियों ने उद्योगों की वास्तविक कार्यप्रणाली से परिचय प्राप्त करने के लिए छत्तीसगढ़ डिस्टिलरीज लिमिटेड, कुम्हारी, भिलाई का अध्ययन-भ्रमण किया। विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित इस अकादमिक यात्रा का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को उत्पादन प्रणाली, वैज्ञानिक प्रक्रियाओं, औद्योगिक सुरक्षा तथा प्रबंधन संरचना का प्रत्यक्ष अनुभव प्रदान करना था। यात्रा के दौरान छात्रों का स्वागत सीडीएल के प्रबंध निदेशक राजेश गौतम ने किया। उन्होंने कंपनी की स्थापना, उत्पादन इतिहास, वैज्ञानिक तकनीकों तथा डिस्टिलरी उद्योग की उपयोगिता पर विस्तार से प्रकाश डाला। विद्यार्थियों ने आधुनिक तकनीकी संसाधनों और प्रयोग होने वाली वैज्ञानिक विधियों के



बारे में महत्वपूर्ण जानकारियां प्राप्त कीं।

इसके पश्चात अनिरुद्ध कुमार शर्मा, उत्पादन प्रबंधक, ने छात्रों को उत्पादन प्रक्रिया के विविध चरणों से अवगत कराया। उन्होंने कच्चे माल के चयन, किण्वन प्रक्रिया, वैज्ञानिक आधार पर की जाने वाली आसवन तकनीक, तथा गुणवत्ता नियंत्रण के उपायों की विस्तृत जानकारी दी। वैज्ञानिक दृष्टि से यह सत्र विद्यार्थियों के लिए अत्यंत उपयोगी सिद्ध हुआ।

**डॉ.वर्मा ने हरी झंडी दिखाकर छात्रों के दल को रवाना किया-** अगले चरण में सुरक्षा अधिकारी श्री भगवान चंद ने उद्योग में अपनाए जाने वाले सुरक्षा मानकों, जोखिम प्रबंधन, आपातकालीन तैयारी तथा पर्यावरणीय सावधानियों पर जानकारी दी। विज्ञान संकाय के छात्रों के लिए यह भाग विशेष महत्त्वपूर्ण रहा क्योंकि इसमें रसायन, ताप, यांत्रिक प्रक्रियाओं और औद्योगिक सुरक्षा विज्ञान की व्यावहारिक समझ प्रदान की गई। भ्रमण के समापन पर एके रॉय, वरिष्ठ महाप्रबंधक एवं एसोसिएट डायरेक्टर, ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि औद्योगिक अनुभव छात्रों में तकनीकी दक्षता, वैज्ञानिक सोच और व्यावसायिक अनुशासन विकसित करता है। उन्होंने विद्यार्थियों को भविष्य की संभावनाओं और उभरते वैज्ञानिक अवसरों के बारे में प्रेरक सुझाव दिए। इससे पहले विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. बीपी भोल, शैक्षणिक अधिष्ठाता डॉ. एन कुमार स्वामी, छात्र कल्याण अधिष्ठाता डॉ. शुभाशीष बिस्वास, विज्ञान संकाय प्रमुख डॉ. पी विश्वनाथन एव संकाय की अध्यक्ष डॉ. पूनम वर्मा ने हरी झंडी दिखाकर छात्रों के दल को रवाना किया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. आनंद महलवार ने छात्रों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि सीडीएल की उत्पादन इकाई में अध्ययन-भ्रमण छात्रों को वैज्ञानिक प्रक्रियाओं, औद्योगिक संचालन और पेशेवर कौशल की गहरी समझ प्रदान करेगा, जो उनके भविष्य के तकनीकी एवं औद्योगिक करियर में उपयोगी सिद्ध होगी।

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.), छुरा जिला गरियाबंद (छ.ग.)**
**Email Id- sdmchhura@gmail.com**

**:: उद्घोषणा ::**

ई-कोर्ट 202512222010003/अ-2/ वर्ष 2025-26
ग्राम- सोरिदखुर्द, प.ह.नं. 01
**तहसील छुरा** जिला गरियाबंद छ.ग.
**छुरा दिनांक 01.12.2025**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक हुलास राम साहू पिता श्री थनवार राम साहू जाति तेली निवासी ग्राम सोरिदखुर्द, तहसील छुरा जिला गरियाबंद (छ.ग.) द्वारा ग्राम सोरिदखुर्द प.ह.नं. 01 तहसील- छुरा में स्थित अपनी भू-स्वामी हक की भूमि खसरा नंबर 318 रकबा 0.10 हेक्टेयर भूमि को व्यवसायिक प्रयोजन हेतु व्यपवर्तन के लिए आवेदन पत्र के साथ नक्शा, खरारा, बी-1 की छायाप्रति के साथ प्रस्तुत किया है।

अतः उक्त भूमि को व्यवसायिक प्रयोजन हेतु परिवर्तित किये जाने में जिस किसी भी व्यक्ति को आपत्ति हो यह अपनी आपत्ति/ दावा स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से सुनवाई दिनांक 17.12.2025 दिवस के भीतर प्रस्तुत कर सकता है नियत अवधि पश्चात प्राप्त आपत्तियों पर कोई विचार नही किया जावेगा।

मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालीन पदमुद्रा से आज दिनांक 01.12.2025 को जारी किया गया।

(मुहर) **अनुविभागीय अधिकारी (रा.), छुरा**




प्रस्तुति- श्यामकिशोर शर्मा, ब्यूरोचीफ, हरिभूमि कार्यालय राजिम, जिला गरियाबंद, मो.नं.-79871-24123

## खबर संक्षेप



### पीएम मोदी का भाजपा नेता अशोक ने किया स्वागत

**नवापारा-राजिम।** लगातार तीन दिनों तक राष्ट्रीय सुरक्षा के विभिन्न मसलों पर गहन मंथन के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रायपुर से 30 नवंबर को शाम नई दिल्ली वापस लौटे। इस अवसर पर स्वामी विवेकानंद विमानतल रायपुर में राज्यपाल रामन डेका, मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, उप मुख्यमंत्री द्वय अरुण साव, विजय शर्मा, पूर्व राज्यपाल रमेश बैस, क्षेत्रीय संगठन मंत्री अजय जामवाल प्रदेश संगठन मंत्री पवन साय एवं भाजपा के अनेक वरिष्ठ नेता मौजूद थे। इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने प्रदेश कार्यालय मंत्री अशोक बजाज के परिचय देने के पूर्व नाम से पुकारा तथा कुछ पल रुककर आत्मीयता से चर्चा की।

### धान कटाई के चलते मजदूरों का टोटा

**नवापारा-राजिम।** नगर में इन दिनो मजदूरों की जबर्दस्त कमी चल रही है। छोटे-छोटे कामों के लिए लोगों को मजदूर नहीं मिल रहे है। खासकर भवन निर्माण में कुली एवं रेजा ढूंढने से भी नहीं मिल रहे है। शहर में हो रहे प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत स्वीकृत भवन निर्माण इसका एक मुख्य कारण माना जा रहा है। बता दें कि नवापारा शहर में पूर्व में 131 एवं वर्तमान में 161 प्रधानमंत्री आवास की स्वीकृति मिली है। जिसके चलते अधिकतर मजदूर अपने स्वयं, रिश्तेदारों के स्वीकृत या अन्य आवास निर्माण में व्यस्त है। भवन निर्माण के कार्य के लिए कुशलता अनिवार्य नहीं होती। इसलिए भी बाकी अन्य तरह के काम करने वाले मजदूर भी भवन निर्माण के काम में लग गए है। रहा सहा कसर इस समय गांव में चल रहे धान कटाई ने पूरी कर दी है। धान कटाई के चलते गांव के मजदूरो को गांव में ही काम मिल गया है। नवापारा शहर के दुकानों में काम करने वाले कर्मचारी भी अपने गांव के खेतों के कार्यों में व्यस्त है। लिहाजा व्यवसायियों को व्यापार चलाने में कठिनाइयों का सामना कर पड़ रहा है। शहर के 50 से अधिक दुकानों में काम करने के लिए कर्मचारियों की आवश्यकता वाले बोर्ड देखे जा रहे है। जानकारों का मानना है कि आगामी तीन माह तक लोगो को मजदूरों एवं कर्मचारियों की समस्या से निजाद मिलने की गुंजाइश कम ही दिख रही है।

### पॉलीटेक्निक में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

**महासमुंद।** शासकीय पॉलीटेक्निक महासमुंद की राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाई द्वारा संस्था परिसर में एक दिवसीय निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर मुख्य नगर पालिका परिषद के सहयोग से छत्तीसगढ़ सरकार की महत्वाकांक्षी मुख्यमंत्री स्लम स्वास्थ्य योजना के अंतर्गत मोबाइल मेडिकल यूनिट (एमएमयू) की टीम द्वारा संचालित हुआ। शिविर में संस्थान के 50 से अधिक छात्र-छात्राओं एवं स्टाफ सदस्यों का ब्लड प्रेशर, शुगर लेवल, हीमोग्लोबिन सहित विभिन्न प्राथमिक स्वास्थ्य परीक्षण किए गए। साथ ही जरूरतमंदों को निःशुल्क दवाइयों का वितरण भी किया गया। चिकित्सा दल में धर्मेंद्र भारद्वाज प्रोजेक्ट मैनेजर, डॉ. गंगेश्वर चरण दीवान चिकित्सक, तीरथ पटेल फार्मासिस्ट, मनीषा साहू स्टाफ नर्स, प्रमिला राणा लैब टेक्नीशियन एवं रामेश्वर प्रजापति ड्राइवर मौजूद रहे। कार्यक्रम के सहयोग के लिए कार्यक्रम अधिकारी सालिक राम ढीमर एवं उमाशंकर यादव मौजूद रहे।

## निधन

### शिवबति निषाद



**छुईहा बेलर।** ग्राम बिजली निवासी शिवबती निषाद (80 वर्ष) की निधन हो गई। उनका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया। वह सरपंच बिजली पद्मा निषाद की सासु मां एवं पूर्व सरपंच मोतीराम निषाद, मन्नु निषाद की माताजी थी।

---

### भूमिपूजन : विधायक जनक ध्रुव ने 75 लाख रुपए के विभिन्न निर्माण कार्यों का किया भूमिपूजन

# किसानों का आज भी धान बेचने के लिए एग्रीस्टेक पोर्टल में पंजीयन नहीं : जनक







हरिभूमि न्यूज ⏭ मैनपुर

बिन्द्रानवागढ़ विधानसभा क्षेत्र के विधायक जनक ध्रुव ने सोमवार को विभिन्न ग्रामों का संघन दौरा किया। इस दौरान ग्राम खोखमा धान खरीदी केन्द्र के निरीक्षण में पहुंचे विधायक को किसानों ने कई समस्याओं से अवगत कराया। अपने सामने धान के बोरियों को तौलाया किसानों ने बताया कि धान खरीदी में भारी परेशानी आ रही है मैनपुर और देवभोग क्षेत्र के कई धान खरीदी केन्द्रो में अभी भी तौल करने वाला हमाल नहीं होने के कारण किसानों को खुब तौल करना पड़ रहा है और तो और टोकन काटने में भारी परेशानी हो रही है। कई जगह किसानों का रकबा कट गया है, किसान चाहकर भी धान नहीं बेच पा रहे हैं, इस दौरान विधायक जनक ध्रुव ने किसानों को आश्वासत किया की उनकी समस्याओं की समाधान के लिए जिला के कलेक्टर से मुलाकात करेंगे और उन्हे समस्याओं से अवगत कराऐंगे साथ ही व्यवस्था ठीक करने कहा है।

विधायक जनक ध्रुव ने भाजपा सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि धान खरीदी शुरू हुए 15 दिन हो गये लेकिन अभी तक खरीदी की व्यवस्था सुचारू नहीं हो पाई है। किसान पंजीयन के लिए भटक रहे हैं, टोकन नहीं कट रहा है, रकबा और एग्रीस्टेक सुधार नहीं हो रहा है, किसान खेती किसानी के कार्य को छोड़कर दिनभर सरकारी दफ्तरों का चक्कर लगा रहे है और तो और गिरदावली और अनावरी रिर्पोट का हवाला देकर कम धान खरीदा जा रहा है।

सरकार घोषित निती प्रति एकड़ 21 क्विंटल के हिसाब से खरीदी नहीं कर रही है, बहुत से किसानों का आज भी धान बेचने के लिए एग्रीस्टेक पोर्टल में पंजीयन नहीं हो पाया है, श्री ध्रुव ने भाजपा सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि जानबुझकर किसानों को परेशान किया जा रहा है ताकि धान खरीदाना न पड़े। श्री ध्रुव ने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि व्यवस्था में जल्द सुधार नहीं किया गया तो हम किसानों के साथ आंदोलन करने बाध्य होंगे।

#### निर्माण कार्यों को गुणवत्ता के साथ पूरा करें

विधायक ध्रुव ने मैनपुर देवभोग क्षेत्र के दौरे पर पहुंचे विधायक जनक ध्रुव कालीमाटी, मोखागुड़ा, ढोढर्रा, बाडीगांव में लक्ष्मी पूजा कार्यक्रम में शामिल हुए और विधिविधान से पूजा अर्चना कर क्षेत्र में सुख, शांति, समृद्धि की कामना की। इस दौरान कई ग्रामों का दौरा कर चौपाल लगाकर समस्या सुने। विधायक जनक ध्रुव का गांव गांव गाजे-बाजे के साथ ऐतिहासिक स्वागत किया गया, इसके बाद विधायक जनक ध्रुव ने ग्राम पंचायत अमलीपदर में महतारी सदन भवन, सीसी रोड़, सोलर मास्क लाईट सहित लगभग 75 लाख के विभिन्न निर्माण कार्यो का भूमिपूजन किया साथ ही इन निर्माण कार्यो को पूरे गुणवत्ता के साथ समय सीमा पर निर्माण करने का निर्देश दिया। श्री ध्रुव ने कहा कि इन विकास कार्यों के माध्यम से ग्राम के बुनियादी ढांचे को सुदृढ करने और जन जीवन को अधिक सुविधाजनक बनाने के दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया। इस मौके पर प्रमुख रूप से ब्लॉक कांग्रेस अमलीपदर के अध्यक्ष ललिता यादव, अनुराग वाघे, सरपंच हेमोबाई नागेश, उत्तम पटेल, उत्तम श्रीवास, तुलाराम मांझी, संगीता यादव, यशवंत मरकाम अष्टम पुजारी, संतोषी मांझी, किशोर ध्रुव, पवित्रे सोरी, पितृ ध्रुव, धनसिंह ओंटी, लालसिंह, भुवेन्द्र सोरी, गुलकीराम सिन्हा, गुनमती ओंटी, निरो बाई, कुमले, अनासी एवं बड़ी संख्या में क्षेत्र के लोग उपस्थित थे।

### राधाकृष्ण मंदिर के ऐतिहासिक शताब्दी महोत्सव पर विजय ने जताया आभार

**नवापारा-राजिम।** सेठ रेखराज चतुर्भुज अग्रवाल परिवार द्वारा समर्पित श्री राधाकृष्ण मंदिर के एतेहासिक शताब्दी महोत्सव के सफल आयोजन को लेकर भाजपा रायपुर जिला ग्रामीण उपाध्यक्ष व पूर्व पालिका अध्यक्ष विजय गोयल ने श्री राधाकृष्ण मंदिर के वर्तमान ट्रस्टी मोहन अग्रवाल, गोपाल अग्रवाल, गिरधारी अग्रवाल, अभिषेक अग्रवाल, नयन अग्रवाल, रवि अग्रवाल, प्रणय अग्रवाल, सुलभ अग्रवाल सहित परिवार के अन्य सदस्यों को बधाई देते हुए पूरे नगरवासियो की ओर से हृदय से उन सभी का आभार व धन्यवाद ज्ञापित किया। कहा कि सेठ रेखराज चतुर्भुज के वंशजो ने शताब्दी वर्ष को लेकर महीने भर तक जो एतेहासिक आयोजन किया हैं, वह इतिहास के पन्नों में दर्ज हो गया हैं, आने वाली पीढ़ी इसे याद रखेगी। महीने भर तक चले इस विशाल एतेहासिक आयोजन जहाँ सर्वप्रथम नगर के सभी जाति धर्मो का नगर भोज, विशाल विष्णु महायज्ञ जैसा धार्मिक अनुष्ठान, नानी बाई का मायरा, पंडित विजय शंकर मेहता का प्रवचन, विशाल कलश यात्रा सहित अनेकों धार्मिक अनुष्ठानो ने इस शताब्दी महोत्सव को यादगार बना दिया। इस आयोजन में पूरे नगरवासियो ने भरपूर आनंद लिया। महीनों तक बहे इस धर्म की गंगा में डुबकी लगाए, जिसे सभी कभी नहीं भूल पाएंगे। इस आयोजन के लिए नगर की जनता मंदिर कमेटी सहित सेठ रेखराज चतुर्भुज परिवार के वंशजो का दिल से प्रशंसा कर रही हैं।



---

# सेंट जॉन्स स्कूल में विश्व एड्स दिवस पर विशेष जागरूकता कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुरा



सेंट जॉन्स इंग्लिश मीडियम स्कूल में 1 दिसंबर 2025 को एक विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्रों और कर्मचारियों को एड्स के बारे में जागरूक करना, इससे बचाव के उपाय सिखाना और एड्स से पीड़ितों के प्रति सहानुभूति बढ़ाना था। कार्यक्रम में विभिन्न जागरूकता गतिविधियां, जैसे नुक्कड़ नाटक, प्रदर्शनी, रैली और स्वास्थ्य संबंधी जानकारी प्रदान की गई, जिसमें छात्रों ने सक्रिय भागीदारी निभाई। इस आयोजन के माध्यम से स्कूल ने समाज में एड्स के प्रति भेदभाव को कम करने और सही जानकारी फैलाने का संदेश दिया। कार्यक्रम में स्कूल के प्रधानाचार्य, बिंदु जार्ज जेकब, निर्देशक जार्ज जेकब शैक्षणिक निर्देशक सुमंत आचार्य, प्रबंधक आशीष जेकब, शिक्षक, किशोर सिंहा, बादशाह खान, अरशद खान, परमेश्वरी शाहू दुष्यन्त यदु और विद्यार्थी प्रमुख रूप से उपस्थित थे। छात्रों द्वारा रेड रिबन फैशन शो और नृत्य प्रस्तुति के जरिए एड्स पीड़ितों के प्रति समर्थन का संदेश भी दिया गया। साथ ही, स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने एड्स के रोकथाम, परीक्षण, और उपचार के महत्व पर विस्तृत चर्चा की। इस प्रकार यह कार्यक्रम सामाजिक सामंजस्य और स्वास्थ्य जागरूकता को बढ़ावा देने में सफल रहा। इस आयोजन ने खासकर युवा पीढ़ी में एड्स के प्रति सही जानकारियों और सावधानियों को फैलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, जिससे वे अपने और अपने समुदाय के स्वास्थ्य की रक्षा कर सकें। स्कूल ने भविष्य में भी ऐसी सामाजिक और स्वास्थ्य संबंधी जागरूकता गतिविधियां जारी रखने का संकल्प लिया है। इस प्रकार, छुरा के सेंट जॉन्स इंग्लिश मीडियम सीबीएसई स्कूल में विश्व एड्स दिवस का आयोजन जागरूकता और सामाजिक समर्थन को मजबूत करने के लिए एक महत्वपूर्ण पहल थी।

# एड्स के प्रति जागरूक रहना जरुरी : प्राचार्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ मैनपुर

- डीएवी मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल मुंगझर में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

डीएवी मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल मुंगझर की राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाई द्वारा विश्व एड्स दिवस के अवसर पर एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों एवं समाज को एड्स तथा एचआईवी संक्रमण के कारण, लक्षण और रोकथाम के बारे में सही और वैज्ञानिक जानकारी प्रदान करना था। कार्यक्रम के दौरान बायोलॉजी प्रभारी प्रीतिका साहू ने छात्रों को बताया कि एड्स मानव शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता को कमजोर करने वाली एक गंभीर अवस्था है, जो एचआईवी नामक वायरस के कारण होती है। छात्रों को यह भी समझाया गया कि एचआईवी किन-किन माध्यमों से फैलता है और इससे बचाव के क्या उपाय हैं। सत्र में यह स्पष्ट किया गया कि संक्रमण केवल असुरक्षित यौन संबंध, संक्रमित सुई-सीरिंज, संक्रमित रक्त चढ़ाने या गर्भावस्थाध्स्तनपान के दौरान मां से बच्चे तक पहुंच सकता है। कार्यक्रम में स्वयंसेवकों ने सक्रिय रूप से भाग लिया और विद्यालय परिसर में जागरूकता रैली निकालकर "एड्स से बचाव जागरूकता है जरूरी" का संदेश दिया। स्वयंसेवकों ने पोस्टर एवं नारे प्रस्तुत कर सभी को सुरक्षित और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने की प्रेरणा दी। प्राचार्य ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि आज के समय में एड्स के प्रति जागरूक रहना अत्यंत आवश्यक है ताकि समाज में फैल रही गलत धारणाओं को दूर किया जा सके। उन्होंने इस प्रकार के कार्यक्रमों की नियमित रूप से आवश्यकता पर बल दिया। कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ और छात्रें ने संकल्प लिया कि वे समाज में एड्स के प्रति जागरूकता फैलाने में सक्रिय भूमिका निभाएंगे।



---

### कृषि महाविद्यालय द्वारा निमास्त्र, जीवामृत और बीजामृत का सफल

# कृषि महाविद्यालय के छात्रों ने किसानों को सिखाई जैविक खेती की तकनीक

हरिभूमि न्यूज ⏭ फिंगेश्वर



इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के अंतर्गत संचालित कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केन्द्र, फिंगेश्वर गरियाबंद के कृषि कार्य अनुभव (रावे) कार्यक्रम के अंतर्गत विद्याणथयों द्वारा जैविक खेती को प्रोत्साहित करने के लिए एक विशेष प्रदर्शन कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम का आयोजन महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. गिरिजेश कुमार शर्मा के मार्गदर्शन में सहायक प्राध्यापक सत्येन्द्र पाटले द्वारा किया गया, जिसमें निमास्त्र, जीवामृत और बीजामृत के निर्माण एवं उपयोग की विस्तृत जानकारी किसानों को दी गई। कार्यक्रम के दौरान विद्याणथयों ने बताया कि निमास्त्र एक प्राकृतिक कीटनाशक है, जिसे नीम की पत्तियों, गोमूत्र और पानी से तैयार किया जाता है। यह फसलों में कीटों एवं रोगों से सुरक्षित रखकर उपज में वृद्धि करता है। जीवामृत खेत की उर्वरता बढ़ाने वाला जैविक घोल है, जिसे गोबर, गुड़, बेसन,मिट्टी और पानी से बनाया जाता है। इसका नियमित उपयोग मिट्टी की संरचना में सुधार कर फसल की वृद्धि में सहायक होता है। बीजामृत बीज उपचार के लिए उपयोग किया जाने वाला जैविक घोल है, जो बीजों को कवक एवं जीवाणु जनित रोगों से बचाता है और अंकुरण प्रतिशत बढ़ाता है। कार्यक्रम का उद्देश्य किसानों को रासायनिक कृषि के स्थान पर कम लागत एवं पर्यावरण अनुकूल जैविक तकनीकों के उपयोग के लिए प्रेरित करना था, जो किसानों के लिए अत्यंत लाभकारी साबित होगा। इस प्रदर्शन कार्यक्रम में स्थानीय किसान उपस्थित रहे जिनमें मुख्य रूप से राजेन्द्र कुमार यादव, पार्वती यादव, सुमित्र यादव, दीक्षा यादव और भूमिका यादव शामिल थे।

# फणीकेश्वरनाथ कालेज में एडस दिवस पर स्वयंसेवकों को दिलाई गई शपथ

हरिभूमि न्यूज ⏭ फिंगेश्वर



सोमवार को विश्व एड्स दिवस के अवसर पर रेड रिबन क्लब एवं राष्ट्रीय सेवा योजना, फणिकेश्वर नाथ शासकीय महाविद्यालय फिंगेश्वर के संयुक्त क्रियान्वयन में एचआईवी/एड्स से प्रभावित लोगों के प्रति भेदभाव समाप्त करने के लिए महाविद्यालय में छात्र-छात्राओं, स्वयंसेवकों को शपथ दिलाया गया।

एचआईवी/एड्स से पीड़ित किसी भी व्यक्ति के साथ किसी भी प्रकार का भेदभाव नहीं करने, ऐसे व्यक्तियों को सम्मान और समान अधिकार देने, समाज में फैली गलत धारणाओं और अफवाहों को दूर करने के लिए लोगों को जागरूक करने, एचआईवी/एड्स प्रभावित लोगों को सहायता, संवेदना और सहयोग देने का हर संभव प्रयास करने तथा किसी भी प्रकार के भेदभाव, अपमान या हिंसा को बढ़ावा नहीं देने का शपथ लिया गया। एक संवेदनशील और सहयोगी समाज बनाने के लिए प्रतिबद्ध रहने स्वयंसेवकों ने आह्वान किया गया। उक्त जानकारी कार्यक्रम अधिकारी डॉ. देवादास बंजारे ने दी है।

---

### शिविर में लोगों ने बढ़-चढ़कर रक्तदान किया

# शीतला मंदिर प्रांगण में 68 लोगों ने किया रक्तदान

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुरा



नगर स्थित शीतला माता मंदिर प्रांगण में छत्तीसगढ़ शाकंभरी सेवा संस्थान व एचडीएफसी बैंक के संयुक्त तत्वावधान में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। सामाजिक सरोकार से जुड़ी संस्था द्वारा आयोजित यह शिविर पूरी तरह सफल रहा। शिविर में सुबह से ही रक्तदाताओं में काफी उत्साह दिखा और बढ़-चढ़कर रक्तदान में भाग लिया। आयोजकों ने बताया 68 रक्तदाताओं ने शिविर में रक्तदान किया। युवाओं, सामाजिक कार्यकर्ताओं और स्थानीय नागरिकों ने मानव सेवा के लिए अपना बहुमूल्य योगदान दिया। शिविर की खास बात यह रही कि छुरा नगर के थानेदार सहित थाना स्टाफ ने भी रक्तदान किया, जिससे कि पुलिस की सामाजिक सहभागिता देखने को मिला। साथ ही शिक्षकों व युवाओं में भी रक्तदान के प्रति काफी उत्साह देखने को मिला। रक्तदान अभियान को सफल बनाने के लिए रेड क्रॉस रायपुर की टीम चिकित्सा टीम, स्वयंसेवकों और संस्था के पदाधिकारियों ने सहयोग प्रदान किया।आयोजकों ने सभी रक्तदाताओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि रक्तदान जैसी मानव सेवा की भावना से ही समाज में सकारात्मक संदेश जाता है। और भविष्य में भी ऐसे शिविर आयोजित करने का संकल्प लिया।

**प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र दिया गया-** रक्तदान शिविर के आयोजन, संयोजन में स्थानीय लोगों व स्वयंसेवकों ने अहम भूमिका निभाई। शिविर के समापन पश्चात सभी प्रतिभागियों को प्रमाणपत्र प्रदान किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से इंडियन रेड क्रॉस संरक्षण सदस्य ठाकुर ने रक्तदान शिविर को सफल बनाने में सहयोग प्रदान किया।

